हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, सोमवार, 11 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 32 .5 डिग्री
न्यूनतम 22 .5 डिग्री

11 साइबर ठगों के नए-नए तरीकों से रहे सावधान, किसी अनजान ग्रुप से इन्वेस्टमेंट टिप्स न लें



12 आजादी के उत्सव में बिखरेंगे संस्कृति व देशभक्ति के रंग, रिहर्सल में जुटे विद्यार्थी



## खबर संक्षेप

### मकान से 3.50 लाख कैश व जेवरात चुरा ले गए चोर

**रेवाड़ी।** गांव बधराना स्थित स्थित मकान से चोर लाखों रुपये व जेवरात चुरा ले गए। रामपुरा थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। बधराना निवासी बाबूलाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 8 अगस्त की रात को उसके मकान से चोरी हो गई। चोर कमरे में रखे छोटे संदूक से करीब 3.50 लाख रुपये, 5 चांदी के सिक्के व एक जोड़ी चांदी की पायजेब चोरी कर ले गए। सुबह उठने के बाद कमरों में फैला सामान देखकर उनको चोरी का पता चला, जिसके बाद बाबूलाल ने डायल-112 पर कॉल करके पुलिस का सूचना दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर लिया है।

### बहाला से 65 वर्षीय बुजुर्ग सात दिन से लापता

**कोसली।** जिले के गांव बहाला से करीब 65 वर्षीय बुजुर्ग लापता हो गया। बजुर्ग के पुत्र धनराम ने नाहड़ चौकी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पिता रामफल 4 अगस्त को रात करीब 8 बजे घर से खाना खाकर नोहरे में सोने के लिए गए थे। जब उसने अगले दिन सुबह 4 बजे नोहरे में जाकर देखा तो उसके पिता वहां नहीं थे। इसके बाद उसने अपने स्तर पर गांव में पिता की काफी तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया, जिसके बाद उसने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हनुमान मंदिर में धार्मिक आयोजन 21 को

**रेवाड़ी।** सेक्टर-1 सोलहराही स्थित पंचमुखी-दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में 21 अगस्त को धार्मिक आयोजन किया जाएगा। मंदिर के पंडित मोनू द्विवेदी ने बताया कि मंदिर में शिव परिवार व माता शेरांवाली के दूसरे स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। 21 अगस्त को सुबह 9 बजे मंदिर परिसर में हवन किया जाएगा तथा सुबह 11:30 बजे से भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने श्रृद्धालुजनों से कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या पहुंचने का आग्रह किया है।

## शहर के मुख्य मार्गों व मोहल्लों में जमा हो रहा कचरा

# स्वच्छता रैंकिंग गिरने के बाद भी नप लापरवाह, शहर में न तो सफाई और न ही हो रहा कचरे का उठान

- बरसात से कीचड़ में तब्दील हो रहे कचरे से उठ रही दुर्गंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

स्वच्छता रैंकि में फिसलने के बाद से नगर परिषद टीम पूरी तरह लापरवाह हो चुकी है। नप अधिकारियों की ओर से शहर की सफाई व्यवस्था पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर की मुख्य सड़कों सहित कॉलोनियों व मोहल्लों में जगह-जगह कचरे के ढेर नजर आ रहे है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में भी महज खानापूर्ति की जा रही है। सड़कों के साथ डंपिंग स्टेशनों से भी कचरे का उठान समय पर नहीं किया जा रहा है। बरसात के कारण कचरा कीचड़ में तब्दील होकर दुर्गंध मार रहा है। यहां तक कि नगर परिषद के सरकुलर रोड व महाराणा प्रताप चौक स्थित कार्यालय में भी सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। शहर में लंबे समय से बिगड़ रही सफाई व्यवस्था ने शहर को स्वच्छता रैंकिंग में 232 पायदान नीचे गिरा दिया है, वहीं गत वर्ष का ओडीएफ डबल प्लस भी इस बार सिर्फ ओडीएफ रह गया है। जिला स्वच्छता रैंकिंग गिरकर 490 पायदान पर पहुंच चुका है। ऐसी स्थिति में भी नगर परिषद सबक नहीं ले रही है, सफाई व्यवस्था और भी बिगड़ती जा रही है।









रेवाड़ी। ट्रामा सेंटर के पास सरकुलर रोड पर फैला कचरा, कोनसीवास रोड पर लगा कचरे का ढेर, नगर परिषद सफाई शाखा के पास जमा गंदगी। फोटो :हरिभूमि

### सार्वजनिक शौचालयों की भी दशा बिगड़ी

नगर परिषद की ओर से शहर को स्वच्छ बनाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है। शहर में एक भी जगह डस्टबिन नहीं है। सभी मार्गो पर जगह-जगह अनावश्यक कचरा प्वाइंट बन गए है, जहां हर समय गंदगी फैली रहती है। सफाई कर्मियों की कमी भी शहर की सबसे बड़ी समस्या है। शहर में वर्तमान में करीब 325 सफाई कर्मी है, जबकि आबादी के हिसाब से 600 से अधिक सफाई कर्मियों की जरूरत है। सार्वजनिक शौचालयों की भी दशा बिगड़ चुकी है। शहर के सरकुलर रोड, झज्जर रोड, बावल रोड, राजीव चौक, गढ़ी बोलनी रोड, कोनसीवास रोड व बाइपास की ग्रीन बेल्ट पर कचरे के ढेर लगे है। शहर में बंद किए गए अनावश्यक कचरा प्वाइंट फिर से एक्टिव हो चुके है। शहर में पिछले एक साल से एक भी डस्टबिन नहीं होने के कारण लोग सड़कों पर कचरा डाल रहे है।



रेवाड़ी। कानोड गेट से अंदर नई बस्ती के मोड पर जमा गंदगी। फोटो :हरिभूमि

### ट्रामा सेंटर के पास भी गंदगी के ढेर

जिले में इन दिनों डेंगू व मलेरिया के मामले बढ़ते जा रहे है। गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से मौसमी बीमारियां फैल रही है। सरकुलर रोड स्थित ट्रामा सेंटर के पास नप ने कचरा डंपिंग यार्ड बनाया हुआ है। ट्रामा सेंटर के पास से भी कचरे का उठान नहीं किया जा रहा है, यहां तक की डंपिंग यार्ड का कचरा सड़क तक फैल रहा है। कचरे से उठती दुर्गंध ट्रामा सेंटर तक फेल रही है, जिससे मरीजों का स्वच्छ वातावरण नहीं मिल पा रहा है। शहर की नाईवाली सब्जीमंडी व अनाजमंडी में भी सफाई व्यवस्था खराब है। कचरे का समय पर उठान नहीं हो रहा है। शहर के लियो चौक स्थित एमआरएफ सेंटर व राव तुलाराम पार्क के सामने डंपिंग यार्डस सहित सड़कों पर बने अनावश्यक कचरा प्वाइंटों पर भी दिनभर गोवंश का जमावड़ा लगा रहता है। ये गोवंश कचरे को सड़क पर फैला कर व्यवस्था बिगाड़ रहे है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर मनाई आजादी की वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से रविवार को कोसली में स्वतंत्रता की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। सभी ने उत्साह व उल्लास के साथ तिरंगा यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष डा. वंदना पोपली मौजूद रहीं। तिरंगा यात्रा की शुरूआत कोसली के शहीद आकाश यादव व शहीद सचिन यादव की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके की गई। यात्रा में सैकड़ों कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए शहीद स्मारक पहुंचे तथा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला पार्षद एडवोकेट जीवन हितैषी, जिला पार्षद शारदा यादव, ब्लॉक समिति नाहड़ के चेयरमैन दुष्यंत यादव, कपिल चेयरमैन, कोसली मंडल भाजपा अध्यक्ष अनूप यादव, नाहड़ मंडल अध्यक्ष हरीश एडवोकेट, डहीना मंडल अध्यक्ष गोपी यादव, सुनीता गुड़यिानी, जिला सचिव शारदा यादव, सरपंच कोसली, अजय राव, ऋषि भारद्वाज, बग्गा राव, हरिश, नवदीप कौशल, पंकज, धर्मेंद्र फौजी, रामबाबू यादव व कोसली के सरपंच रामकिशन जांगड़ा सहित पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कोसली में तिरंगा यात्रा निकालते भाजपा कार्यकर्ता। ˎरफोटो :हरिभूमि

# प्राइवेट स्कूल के कर्मचारी के साथ मारपीट, गाड़ी के शीशे भी तोड़े

- कर्मचारी की शिकायत पर खोल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



घायल कर्मचारी सोमबीर।

जिले में एक प्राइवेट स्कूल के कर्मचारी को बदमाशों ने मारपीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने कर्मचारी की गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए। करीब चार बदमाशों ने स्कूल कर्मचारी की गाड़ी के आगे ऑल्टो कार लगाकर रोक लिया तथा मारपीट की। कर्मचारी की शिकायत पर खोल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। गांव मंदोला गांव निवासी सोमबीर ने पुलिस को बताया कि वह ककराला गांव के निजी स्कूल में कार्यरत है तथा स्पेयर पार्ट लेकर रात के समय धारूहेड़ा से मंदोला आ रहा था। रात करीब 8 बजे जब वह मंदोला से अपने खेत की तरफ जाने लगा तो पीछे से आई कार ने ओवरटेक करके उसे रोक लिया। सोमबीर ने बताया कि इसके बाद चार युवकों ने लाठी-डंडों से उसकी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए तथा उसके साथ गाड़ी से उतारकर मारपीट की। मारपीट करने वालों में उसने गांव के पवन का नाम भी बताया। कर्मचारी ने डॉयल-112 पर कॉल करके घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

खोल थाना से जांच अधिकारी एएसआई लक्ष्मी ने बताया कि सोमबीर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# रिमोट से तोल में हेराफेरी करने वाला कबाड़ी इलेक्ट्रिक मशीन सहित चढ़ा लोगों के हत्थे



रेवाड़ी। इलेक्ट्रिक कांटे के साथ कबाड़ी व मौजूद लोग। फोटो :हरिभूमि

**रेवाड़ी।** सामान के तोल में हेराफेरी करने के लिए एक कबाड़ी ने इजेक्ट्रिक वजन मशीन का रिमोट ही बनवा लिया। रविवार का बावल कस्बे में कबाड़ी युवक रिमोट से वजन कम करते समय लोगों के हत्थे चढ़ गया। लोगों के हंगामा करने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कबाड़ी को हिरासत में लिया। बावल कस्बे में चौपड़ा इलेक्ट्रोनिक्स के मालिक मानसिंह ने बताया कि उनके पास कुछ गत्ते व प्लास्टिक रखे हुए थे। उनकी दुकान पास कबाड़ खरीदने वाला आया तो उन्होंने अपने कांटे से वजन किया तो वजन 23 किलो 600 ग्राम था। जब कबाड़ी ने सामान का अपने कांटे पर वजन किया तो 13 किलो 20 ग्राम मिला। दुकानदार को कबाड़ी पर शक हुआ। उसने अपने पास एक रिमोट छिपा रखा था, जिससे वह वजन कम करता था। तलाशी लेने पर उसके पास रिमोट पाया गया। उसके बाद दुकानदार ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब कबाड़ी से पूछताछ की तो उसने कबूल किया कि वह आज ही रिमोट लेकर आया था। यूपी निवासी कबाड़ी सावेद ने बताया कि वह एक बार में 5 किलो वजन कम कर देता है। लालच में आकर उसने ऐसा काम किया है। बावल थाना पुलिस ने बताया कि अभी मामले की जांच चल रही है। दुकानदार की शिकायत पर आरोपी कबाड़ी को हिरासत में लिया गया है। जांच में सामने आएगा कि वह कितने लोगों के साथ इस प्रकार से ठगी कर चुका है।



रेवाड़ी। मौके पर पहुंची पुलिस पूछताछ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

# अभिभावकों ने बच्चों की शैक्षणिक रिपोर्ट पर की चर्चा

- अध्यापकों ने अभिभावकों को बच्चों की गतिविधियों से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खोरी

कुंड स्थित न्यू इरा सीनियर सैकेंडरी स्कूल में अध्यापक-अभिभावक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नई शिक्षा पॉलिसी 2025 के तहत स्किल डेवलपमेंट को लेकर अध्यापकों को जागृत किया गया। मास्टर ट्रेनर नीलम यादव व विकास यादव ने अध्यापकों का मार्गदर्शन किया। स्कूल चेयरमैन नरेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अभिभावकों ने अपने बच्चों की शैक्षणिक रिपोर्ट के लिए अध्यापकों से चर्चा की। अध्यापकों ने अभिभावकों को बच्चों की गतिविधियों से अवगत कराया। प्राचार्य सरोज बाला ने सभी का आभार व्यक्त किया।



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित शिक्षक व अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

# रक्षाबंधन पर पाड़ला आई महिला की ट्रक की टक्कर से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

रेवाड़ी-नारनौल रोड पर गांव पाड़ला के तिराहे के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से 36 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मूलरूप से गांव नंगला मोटूका फरीदाबाद निवासी मृतका किरना गांव पाड़ला में अपने चचेरे भाईयों को राखी बांधने के लिए आई थी। कुंड चौकी पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ के दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। खोल थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव पथाना जिला झून्झूनू राजस्थान हाल आबाद गांव पाड़ला निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि उसकी 36 वर्षीय भतीजी किरना रक्षा बंधन के अवसर पर दो दिन पहले गांव पाड़ला में चाचा के घर आई थी। शुक्रवार शाम को वह राखी का सामान लेने के बाद पाड़ला गांव के तिराहे पर रोड पार कर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रेवाड़ी की ओर से जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। लोगों ने महिला को अटेली के अस्पताल। हुंचाया, जहां से उसे नारनौल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया, वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## चेयरपर्सन आईजीपी साउथ रेंज नाजनीन भसीन की अध्यक्षता में आयोजित हुई बी-1परीक्षा

# मुख्य सिपाही के लिए साउथ रेंज के 531 जवानों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस विभाग में सिपाही से मुख्य सिपाही के पद पर पदोन्नत होने के लिए विभागीय परीक्षा बी-1 का आयोजन किया जाता है। बी-1 परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद जवानों को पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में परीक्षण दिया जाता है। परीक्षण उत्तीर्ण करने के बाद जवानो को मुख्य सिपाही के पद पर पदोन्नत किया जाता है। रविवार को राज इंटरनेशनल स्कूल की कंप्यूटर लेब में रेंज स्तरीय बी-1 परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में जिला रेवाड़ी, पलवल, नूहं व महेन्द्रगढ़ के जवानों ने भाग लिया। आनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले जवानों को परेड की परीक्षा से भी गुजरना होगा। सफल होने वाले प्रतिभागियों का मेरिट के आधार पर चयन किया जाएगा। चेयरपर्सन आईजीपी साउथ रेंज नाजनीन भसीन ने बी-1 की ऑनलाइन परीक्षा के दौरान राज इंटरनेशनल स्कूल में निरीक्षण किया तथा परीक्षा के प्रबंधों का जायजा लिया। इस मौके पर एसपी नूंह राजेश कुमार व डीसीपी ट्रैफिक गुरुग्राम डा. राजेश कुमार मोहन भी मौजूद थे। परीक्षा को सुचारू व सुगम तरीके से पूर्ण कराने के लिए एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा भी मौजूद रहे। बी-1 परीक्षा को सफल बनाने के लिए विशेषज्ञों की टीम भी बनाई गई। परीक्षा कंप्यूटर पर ऑनलाइन एक विशेष सॉफ्टवेयर पर आयोजित की जाती है, जिसमें बहुविकल्पीय 140 प्रश्न आते है। परीक्षा में पुरुष व महिला सिपाही दोनों शामिल थे। प्रत्येक प्रश्न का एक अंक होता है तथा नेगेटिव मार्किंग भी है। परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए प्रतिभागी को 70 अंक लेने होते है। बी-1 परीक्षा में साउथ रेंज से रेवाडी, पलवल, नूंह व महेन्द्रगढ़ के 531 जवानों ने हिस्सा लिया था, जिसमे 218 जवान उत्तीर्ण हुए।


### 218 जवान हुए पास



रेवाड़ी। परीक्षा देते जवान व मौजूद आईजी नाजनीन भसीन तथा एसपी। फोटो :हरिभूमि



गधे के दूध से बना पनीर दुनिया का सबसे महंगा पनीर होता है जिसकी कीमत 80,000/किलोग्राम तक होती है।





सीहॉर्स इकलौती ऐसी प्रजाति है जिनमें मादा गर्भवती न होकर नर गर्भवती होते है और बच्चों को जन्म देते हैं।

# अग्नि पथ योजना के तहत नौकरी पाकर बनाएं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

अगर आप भी भारतीय सेना में शामिल होना चाहते हैं मगर अग्निवीर योजना क्या है? आपको इस बारे में कोई जानकारी नहीं है तो परेशान ना हो। आज हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी उपलब्ध करवा रहे हैं। आपको बता दे कि सेना के तीनों अंगों में अब भर्तियां अग्नि वीर योजना के तहत की जाती है। सरकार की तरफ से एक नई योजना शुरू की गई है जिसका नाम है अग्निपथ योजना। इस योजना के तहत युवाओं को हमारे देश की तीनों सेनाओ, आर्मी, नेवी और एयरफोर्स में नौकरी दी जाती है। अग्नि वीर योजना की योग्यता, भर्ती प्रक्रिया और वेतन के साथ मिलने वाले फायदे आदि के बारे में समझते हैं।

## क्या है योजना

इस योजना के तहत नियुक्ति पाने वाले उम्मीदवारों को अग्नि वीर कहा जाता है तथा सरकार की इस स्कीम में रिटायरमेंट का प्रावधान है। केंद्र सरकार का कहना है कि रिटायरमेंट के बाद अग्निवीर खुद का कारोबार करने से लेकर नौकरी तक कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें राज्य सरकारों की तरफ से सहायता भी मिलेगी। अग्निपथ स्कीम के तहत भर्ती होने वाले सेना के जवानों को अग्निवीर कहा जाएगा। हालांकि शुरुआत में इस योजना का कड़ा विरोध किया गया था। योजना के तहत जवानों की आयु सीमा 17.5 साल से 21 साल तय की गई है। ऐसे में बहुत से युवाओं का सेवा में शामिल होने का सपना टूट गया, जिसको लेकर भयंकर आक्रोश देखा गया।

## क्या होती है प्रक्रिया

अग्निपथ योजना के माध्यम से अब आठवीं, दसवीं व बारहवीं पास युवाओं को सेना के तीनों अंगों थल सेना, जल सेना या नौसेना, वायु सेना में अग्निवीर के रूप में 4 साल तक पेशेवर सैनिक के रूप में सेवा देने का अवसर दिया जाएगा। इसके तहत भविष्य में मेरिट और संगठन की जरूरत को देखते हुए 25 प्रतिशत तक अग्निवीर सैनिकों को सेना में 4 वर्ष की सेवा के बाद भी रिटेन किया जाएगा। वहीं चार साल की नौकरी के बाद बाकी के 75 प्रतिशत युवाओं को एक मुश्त राशि के साथ-साथ सरकार की ओर से तकनीकी योग्यता का सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जिससे उन्हें भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में क्षमता अनुसार नौकरी पाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सभी उम्मीदवार नियमित संवर्ग में भर्ती के लिए वॉलन्टियर के रूप में भी आवेदन कर सकते हैं।

## अग्नि वीर भर्ती प्रक्रिया

अगर इस बारे में बात करें की अग्निपथ योजना के तहत उम्मीदवारों की नियुक्ति किस प्रकार होगी तो आपको बता दें कि अग्निपथ भर्ती योजना के तहत उम्मीदवारों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। जिसमें पहले चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी तथा द्वितीय चरण में भर्ती रैली का आयोजन होगा। अग्निपथ पात्रता मानदंड के मुताबिक अग्निपथ भर्ती योजना के लिए आवेदन देने वाले युवाओं की न्यूनतम आयु 17 साल 6 महीने और अधिकतम आयु 21 साल निर्धारित की गई है। अग्निपथ भर्ती योजना के तहत युवाओं को ट्रेनिंग पीरियड के साथ कुल 4 वर्षों के लिए स्शस्त्र सेवा बल में फुल टाइम काम करने का अवसर मिलेगा, जिसके लिए भर्ती सेना के तय नियमानुसार ही की जाएगी।

## महिलाएं भी कर सकती हैं आवेदन

### तीनों अंगों में होती भर्ती

इस योजना की विशेषता ये है कि इस योजना के तहत न केवल पुरुष, बल्कि महिलाएं भी आवेदन कर सकती हैं। युवा इस योजना के माध्यम से सेना के तीनों प्रमुख अंग यानि कि थल सेना, वायु सेना और नौ सेना में नियुक्ति पा सकते हैं और देश सेवा कर सकते हैं। अगर हम अग्नि वीर की सैलरी के बारे में बात करें तो उन्हें कई तरह के भत्ते और वेतन दिया जाता है। अग्निवीरों को तीन सेवाओं में जोखिम और कठिनाई भत्ते के साथ एक आकर्षक कस्टमाइज्ड मासिक पैकेज मिलता है। चार साल की सेवा अवधि पूरी होने पर, अग्निवीरों को एकमुश्त 'सेवा निधि' पैकेज की पेमेंट की जाती है। सेवा निधि राशि इनकम टैक्स से फ्री होती है।

### इस प्रकार मिलती है सैलरी

वहीं अग्निपथ स्कीम सैलरी की बात करें, तो अग्निपथ स्कीम के तहत पहले साल युवाओं को 30 हजार रूपए प्रति महीने दिए जाएंगे, जिसमें से लगभग 9000 रूपए उनकी मासिक आय से काट ली जाएगी और उसे उनके बचत खाते में जमा किया जाएगा। इसके बाद उतना ही हिस्सा सेना भी उनकी सेविंग में जमा करेगी। हर साल सैलरी बढ़ने के साथ-साथ बचत खाते में जमा की जाने वाली रकम मैं भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही 4 साल बाद जब ये युवा सेना से रिटायर होंगे, तब उन्हें लगभग 11,70,000 सेवा निधि के रूप में प्रदान किए जाएंगे। अग्निवीरों का वेतन पैकेज पहले वर्ष 4.76 लाख रुपये व अंतिम वर्ष का पैकेज 6.92 लाख रुपये होगा। इसके अतिरिक्त सेना ऐसे युवाओं को एक विशेष सर्टिफिकेट भी प्रदान करेगी जिसकी वजह से उन्हें विभिन्न पदों पर नौकरी पाने में मदद मिलेगी।

### सैलरी के अलावा अग्निवीर योजना के फायदे

विभिन्न राज्यों ने अग्निवीरों को सेवाओं में प्राथमिकता देने के बारे में कहा भी हैं। इन सब के अलावा अग्निवीरों का 48 लाख रुपए का गैर-अंशदाई जीवन बीमा भी किया जाएगा। इस प्रकार अग्नि वीरों को कई तरह के बेनिफिट दिए जाएंगे। वहीं यदि सेवा के दौरान किसी की मृत्यु हो जाती है, तो जवान के परिवार को 44 लाख रुपये दिए जाएंगे। इन 44 लाख रुपयों के अलावा सरकार ऐसे शहीदों के बचे हुए सेवाकाल (अधिकतम 4 साल) के वेतन को भी प्रदान करेगी। साथ ही अग्निपथ योजना के माध्यम से भर्ती हुए जवानों को मिलने वाली सेवानिधि भी, शहीद के परिवार को प्रदान कर दी जाएगी।

---

## बी-कॉम तीन वर्षों की स्नातक डिग्री, चमका सकती है आपका करियर

# बी कॉम के बाद करियर के विकल्प : सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में सुनहरे अवसर मौजूद

डॉ. मोहित बंसल

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## वित्तीय प्रबंधन व कॉर्पोरेट जगत की समझ दे रही

अक्सर देखने में आता है कि बी-कॉम करने के बाद छात्र करियर को लेकर काफी संजीदा हो जाते हैं। जेहन में कई तरह के साल उठते हैं कि अब क्या करें। यानी करियर कैसे बनाएं। अगर आपने भी बी-कॉम किया है तो घबराएं नहीं और सरकारी और निजी क्षेत्र में अवसरों का लाभ उठाते हुए आपने करियर को नई उड़ान दें। इससे आप आपने सुनहरे भविष्य को चमका सकते हैं। बैचलर ऑफ कॉमर्स यानी बी-कॉम तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, जो छात्रों को व्यवसाय, वित्तीय प्रबंधन और कॉर्पोरेट वातावरण की मूलभूत समझ देती है। इस कोर्स में विभिन्न विषयों का अध्ययन कराया जाता है। जैसे फाइनेंसियल एकाउंटिंग, कॉस्ट एकाउंटिंग, मैनेजमेंट एकाउंटिंग, इनकम टैक्स लॉ, जी एस टी, बैंकिंग और बीमा, बिज़नेस लॉ, कंपनी लॉ, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, लेखा परीक्षा, ई-कॉमर्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन और व्यापार संचार। वहीं, बी कॉम ऑनर्स पाठ्यक्रम इन विषयों का और अधिक गहन अध्ययन कराता है, जहां छात्र किसी एक विषय में विशेषज्ञता प्राप्त करते हैं जैसे कि फाइनेंस, टैक्सेशन, बैंकिंग या अकाउंटिंग। बी-कॉम का यह बहुआयामी ढांचा छात्रों को उच्च शिक्षा, सरकारी सेवाओं और कॉर्पोरेट नौकरियों की तैयारी के लिए उपयुक्त बनाता है।

*फाइनेंसियल एकाउंटिंग, कॉस्ट एकाउंटिंग, मैनेजमेंट एकाउंटिंग, इनकम टैक्स लॉ, जी एस टी, बैंकिंग और बीमा, बिज़नेस लॉ, कंपनी लॉ, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, लेखा परीक्षा, ई-कॉमर्स, कंप्यूटर एप्लीकेशन और व्यापार संचार में अपार संभावनाएं*

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका : एक आवश्यक पूरक

बी-कॉम की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन जब तक छात्र व्यावहारिक और इंडस्ट्रियल स्किल्स नहीं विकसित करते, तब तक कॉर्पोरेट दुनिया में प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो सकता है। इसलिए वर्तमान समय में कंपनियां उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता देती हैं जो अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ तकनीकी दक्षताओं से भी लैस हों। चाहे वह एक फर्म में अकाउंटेंट की नौकरी हो या किसी स्टार्टअप में ऑपरेशंस की भूमिका, हर जगह कुशलता की मांग है।



### स्टार्टअप्स

- बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- अकाउंट्स ऑपरेटर
- एडमिन सहायक

### इंडस्ट्री के लिए आवश्यक कौशल

#### प्रभावशाली संवाद कौशल

- **डिजिटल दक्षता:** एम एस एक्सेल, टैली, क्विक बुक्स
- डेटा अनालिसिस एवं एम आई एस रिपोर्टिंग
- कार्य योजना और समय प्रबंधन
- प्रोफेशनल एटीकेट्स और ईमेल लेखन
- बेसिक बिजनेस एथिक्स और ग्राहक सेवा दृष्टिकोण
- ये सभी स्किल्स आज ऑनलाइन

#### निजी क्षेत्र में जॉब के लिए ऑप्शन

- एकाउंटिंग फर्म
- जी एस टी असिस्टेंट
- टैक्स क्लर्क
- जूनियर अकाउंटेंट

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

निजी क्षेत्र में बीकॉम डिग्रीधारकों के लिए जॉब प्रोफाइल की व्यापकता दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। अकाउंटिंग, टैक्सेशन, बैंकिंग, बीमा, रिटेल, डिजिटल मार्केटिंग, सप्लाई चेन, ह्यूमन रिसोर्सेज और एडटेक जैसे क्षेत्रों में रोजगार के बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। अगर वेतन की बात करे तो, निजी क्षेत्र में बीकॉम डिग्री धारको के लिए आरंभिक वेतनमान 18,000–30,000 रुपये मासिक के बीच होता है। वहीं अनुभवी प्रोफेशनल्स 40,000–80,000 रुपये मासिक या उससे अधिक कमा सकते हैं।

### कॉरपोरेट सेक्टर

- एम्आई एस एग्जीक्यूटिव
- अकाउंट्स असिस्टेंट
- रिक्रूटमेंट कोऑर्डिनेटर

#### डिजिटल व ई-कॉमर्स

- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- सोशल मीडिया सहायक
- एसइओ विश्लेषक

#### बीमा व वित्त संस्थान

- लोन प्रोसेसिंग ऑफिसर
- सेल्स रिलेशनशिप मैनेज

#### बीपीओ / केपीओ

- डाटा विश्लेषक
- बैंक ऑफिस सहायक
- ग्राहक सेवा कार्यकारी

## सरकारी क्षेत्र में नौकरी के ऑप्शन

- सरकारी क्षेत्र में बीकॉम डिग्रीधारकों के लिए नौकरियों की संख्या एवं विविधता अत्यंत अधिक है। बैंकिंग, बीमा, डाक विभाग, रेलवे, रक्षा सेवाएं, कर्मचारी चयन आयोग और संघ लोक सेवा आयोग जैसी संस्थाएं हर वर्ष हजारों रिक्तियां जारी करती हैं। सरकारी क्षेत्र में एक बीकॉम डिग्री धारक को प्रारंभिक वेतनमान 30,000–45,000 रुपये मासिक मिल सकता है। वहीं अनुभव के साथ यह वेतन 70,000–1,20,000 रुपये मासिक तक संभव है।

### इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

#### बैंकिंग और बीमा क्षेत्र

- एसबीआई प्रोबेशनरी अफसर /क्लर्क
- आईबीपिएस प्रोबेशनरी अफसर/क्लर्क
- आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट
- एलआईसी अकाउंट अफसर
- असिस्टेंट मैनेजर

#### यूपीएससी सेवाएं

- आईऐएस
- आईपीएस
- आईईएस
- आईआरएस

#### राष्ट्रीय एवं राज्य स्टाफ सिलेक्शन कमीशन

- इनकम टैक्स असिस्टेंट
- ऑडिटर
- अकाउंटेंट
- ग्राम सचिव
- जूनियर अकाउंटेंट
- टैक्स इंस्पेक्टर

#### रक्षा सेवाएं

- लेफ्टिनेट
- आर्मी एजुकेशन कोर अफसर
- अकाउंट अफसर
- एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर
- लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर
- टेरीटोरियल आर्मी अफसर

#### डाक विभाग

- पोस्टल असिस्टेंट
- सॉर्टिंग असिस्टेंट

#### भारतीय रेलवे

- अकाउंट्स क्लर्क
- जूनियर टाइमक कीपर

## उच्च अध्ययन के विकल्प

| पाठ्यक्रम | विवरण |
|---|---|
| चार्टर्ड अकाउंटेंसी | आईसीऐआई द्वारा संचालित, लेखा और टैक्स विशेषज्ञता |
| कंपनी सेक्रेटरी | आईसीएसआई द्वारा संचालित, कॉर्पोरेट लॉ और कंपनी गवर्नेंस |
| कॉस्ट मैनेजमेंट | अकाउंटेंट लागत नियंत्रण व प्रबंधन के लिए |
| एमबीए | प्रबंधन के क्षेत्र में वरिष्ठ पदों हेतु |
| एम कॉम | शिक्षा, शोध के लिए आवश्यक |
| एलएलबी | टैक्स लॉ, कॉर्पोरेट लॉ में करियर हेतु |

### संभावनाओं का समंदर

बी कॉम सिर्फ एक डिग्री नहीं बल्कि संभावनाओं का समंदर है। अगर छात्र इस पाठ्यक्रम को ईमानदारी और व्यावसायिक दृष्टिकोण से करें, आवश्यक कौशलों का निर्माण करें, और लक्ष्य को लेकर स्पष्ट रहें, तो वे नौकरी, व्यवसाय, या उच्च शिक्षा, किसी भी मार्ग में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

---

# सर्वश्रेष्ठ करियर पथ और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता जरूरी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज के युग में, जहां प्रतिस्पर्धा और अवसर दोनों ही चरम पर हैं, छात्रों के सामने अपने करियर का सही रास्ता चुनने की चुनौती होती है। इसके साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। एक संतुलित और सकारात्मक जीवन जीने के लिए, करियर और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को प्राथमिकता देना आवश्यक है। यह लेख छात्रों को प्रेरित करने और उनके सपनों को साकार करने में मदद करने के लिए है, साथ ही यह भी समझाने के लिए कि मानसिक स्वास्थ्य उनके करियर की नींव है। हर छात्र का एक सपना होता है। कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, तो कोई कलाकार। लेकिन सपनों को हकीकत में बदलने के लिए सही दिशा और मेहनत की जरूरत होती है। सपनों को सच करने के लिए मेहनत और विश्वास चाहिए।

## अपनी ताकत और कमजोरियों को जानें

उदाहरण: डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, एक साधारण परिवार से निकलकर भारत के मिसाइल मैन और राष्ट्रपति बने। उनकी मेहनत और विज्ञान के प्रति समर्पण ने उन्हें देश का गौरव बनाया। अपने सपनों को पंख दें, जैसे कलाम साहब ने दिए! करियर चुनते समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखें।

**अपनी रुचि को पहचानें:** करियर का चुनाव करते समय सबसे पहले यह समझें कि आपको किस क्षेत्र में रुचि है। क्या आपको विज्ञान, कला, तकनीक या सामाजिक कार्य पसंद है? अपनी रुचि को समझकर आप उस दिशा में आगे बढ़ सकते हैं, जहां आपका मन लगे।

**अपने कौशल का मूल्यांकन करें:** हर व्यक्ति में कुछ खास प्रतिभाएं होती हैं। अपनी ताकत और कमजोरियों को जानें। अगर आप गणित में अच्छे हैं, तो डेटा साइंस या इंजीनियरिंग आपके लिए बेहतर हो सकता है। अगर आप रचनात्मक हैं, तो डिजाइनिंग या लेखन जैसे क्षेत्र आपके लिए उपयुक्त हो सकते हैं।

**मार्गदर्शन लें:** शिक्षकों, माता-पिता, या करियर काउंसलर से सलाह लें। आजकल ऑनलाइन कई संसाधन उपलब्ध हैं, जैसे कि करियर टेस्ट और विशेषज्ञों की सलाह, जो आपको सही दिशा दिखा सकते हैं।

**लंबे समय के लिए सोचें:** करियर चुनते समय केवल तात्कालिक लाभ न देखें। यह सोचें कि क्या यह करियर आपको 10-20 साल बाद भी खुशी और संतुष्टि देगा। भविष्य में नौकरी की मांग और तकनीकी प्रगति को भी ध्यान में रखें।

**मानसिक स्वास्थ्य: आपकी सबसे बड़ी ताकत:** करियर की दौड़ में मानसिक स्वास्थ्य को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन यह आपकी सफलता की कुंजी है। एक स्वस्थ मन ही आपको कठिन परिस्थितियों में मजबूत बनाता है। मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए निम्नलिखित उपाय अपनाएं।

**तनाव को प्रबंधित करें:** पढ़ाई और करियर की योजना बनाते समय तनाव होना स्वाभाविक है। लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए नियमित व्यायाम, ध्यान (मेडिटेशन), या योग करें। गहरी सांस लेने की तकनीक भी तनाव कम करने में मदद करती है।

**सकारात्मक सोच रखें:** नकारात्मक विचारों से बचें। अगर आप किसी परीक्षा या साक्षात्कार में असफल हो जाते हैं, तो इसे अंत न समझें। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है। सकारात्मक दृष्टिकोण आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा।

## एक समय सारणी बनाएं

**संतुलन बनाएं:** पढ़ाई के साथ-साथ अपने शौक और सामाजिक जीवन को भी समय दें। दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताने से मानसिक तनाव कम होता है और आप तरोताजा महसूस करते हैं।

**मदद मांगें:** अगर आपको लगता है कि आप तनाव, चिंता या अवसाद से जूझ रहे हैं, तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति से बात करें। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ या काउंसलर से सलाह लेना कोई कमजोरी नहीं है, बल्कि यह आपकी ताकत को दर्शाता है।

**सपनों और स्वास्थ्य का संतुलन :** करियर की राह में सफलता तभी मिलेगी जब आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हों। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करें, लेकिन अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना न भूलें। निम्नलिखित सुझाव दोनों के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करेंगे:

**समय प्रबंधन:** पढ़ाई, विश्राम और मनोरंजन के लिए समय का उचित बंटवारा करें। एक समय सारणी बनाएं और उसका पालन करें।

**स्वस्थ जीवनशैली:** अच्छा खान-पान, पर्याप्त नींद और नियमित व्यायाम आपके शरीर, दिमाग को ऊर्जा देंगे।

**छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं:** बड़े सपनों को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटें। हर छोटी उपलब्धि आपको आत्मविश्वास देगी।

**आभार व्यक्त करें:** अपने जीवन की अच्छी चीजों के लिए आभार प्रकट करें। यह आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जस्टिस पार्टी आंदोलन, मद्रास से कौन संबंधित नहीं है?
(ए) सी. एन. मुदालियार
(बी) टी. एम. नायर
(सी) पी. त्यागराजन चेट्टी
(डी) ज्योतिबा फूले

**2.** द्रविड़ कड़गम / द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के संस्थापक थे
(ए) अन्नादुरै
(बी) सी. एन. मुदालियार
(सी) टी. एम. नायर
(डी) इनमें से कोई नहीं

**3.** निम्न में से कौन फरवरी 1918 में स्थापित यू. पी. किसान सभा की स्थापना से संबद्ध नहीं था?
(ए) इंद्र नारायण द्विवेदी
(बी) गौरी शंकर मिश्र
(सी) जवाहरलाल नेहरु
(डी) मदन मोहन मालवीय

**4.** भील सेवा मंडल (1922) की स्थापना किसने की?
(ए) अमृतलाल विट्ठलदास
(बी) महात्मा गाँधी
(सी) सी. एफ. एण्डूज
(डी) विनोबा भावे

**5.** अस्पृश्यता अपराध अधिनियम कब पारित हुआ?
(ए) 1935 ई० में
(बी) 1945 ई० में
(सी) 1955 ई० में
(डी) 1965 ई० में

**6.** 'आधुनिक युग का मनु' किसे कहा जाता है?
(ए) एम. जी. राणाडे
(बी) बी. आर. अंबेडकर
(सी) बी. एन. राव
(डी) महात्मा गाँधी

**7.** महाराष्ट्र में वासुदेव बलवंत फड़के का विद्रोह कब हुआ?
(ए) 1870 ई० में
(बी) 1875 ई० में
(सी) 1879 ई० में
(डी) 1889 ई० में

**8.** विशुद्ध गाँधीवादी तरीके से लड़ा गया पहला आदिवासी अहिंसक विद्रोह था
(ए) टाना भगत आंदोलन
(बी) चंपारण का नील सत्याग्नह
(सी) गुजरात का खेड़ा सत्याग्रह
(डी) इनमें से कोई नहीं

**उत्तर** 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(सी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

## खबर संक्षेप




### सुभाष चौहान बने खटीक सभा के प्रधान

**नारनौल।** मोहल्ला फ्रांसखाना स्थित खटीक धर्मशाला में खटीक सभा का चुनाव निर्विरोध रूप से सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रधान सुभाष चंद चौहान को चुना गया। चुनाव अधिकारी पूर्व प्राचार्य नंद किशोर तंवर ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सोहन लाल चौहान को उपप्रधान, किशन चंद बहल को सचिव, संदीप कुमार को सहसचिव, गोकुल चंद दायमा को कोषाध्यक्ष एवं गोबिंद्र को मीडिया प्रभारी चुना गया है। उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी सदस्यों में डा. सत्यवीर सिंह चौहान, गिरधारी लाल दायमा, राजेंद्र चौहान, शिव कुमार चौहान, कमल चौहान, संजय चौहान, किशन पुत्र इंद्र चौहान, अजीत कुमार एवं कृष्ण कुमार को चुना गया है। उन्होंने बताया कि यह सारे पदाधिकारी निर्विरोध रूप से चुने गए हैं।

### पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने जनता को किया जागरूक

# साइबर ठगों के नए-नए तरीकों से रहें सावधान अनजान ग्रुप से इन्वेस्टमेंट टिप्स कभी न लें

साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत करें दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि आज के तकनीकी दौर में लोगों को अलग-अलग तरह से ऑनलाइन सुविधाएं मिल रही है। ज्यादातर लोग अपने काम करने के लिए तकनीक पर ही निर्भर हैं। साइबर अपराधी इस निर्भरता का फायदा उठाकर लोगों को अपना शिकार बनाते है। साइबर ठगी के लिए अपराधी लोगों को विभिन्न प्रकार से लालच देते हैं। साइबर ठग लोगों को टेलीग्राम टास्क फ्रॉड, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, कस्टमर केयर अधिकारी बनकर फ्रॉड, लोन फ्रॉड, अश्लील विडियो बनाकर ब्लैकमेल करना, क्यूआर कोड-यूपीआई के माध्यम से लोगों के खाते में पैसे डलवाने का लालच देने व बैंक अधिकारी बनकर ओटीपी प्राप्त करके ठगी का शिकार बना रहे है। ऐसे में जागरूक नागरिक बनकर ही अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई को ठगी का शिकार होने से बचाया जा सकता है।

**दलितों ने वोट से कांग्रेस को जवाब दिया**


एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा।

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि लाल रंग से ताले के निशान कटे होने वाली वेबसाइट को खोलने से बचें, किसी की भी फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले उसकी पूरी तरह से जांच कर लें। साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत करें। अपने नजदीकी थाने में जाकर साइबर हेल्प डेस्क पर भी शिकायत दर्ज कराएं।

#### बचाव के उपाय

एसपी ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोई एप डाउनलोड न करें। सोशल मीडिया पर भेजी गई लिंक का प्रयोग न करें। किसी भी अनजान नंबर से आए हुए लिंक पर क्लिक न करें। यदि आपको अपने खाते के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त करनी है, तो बैंक के द्वारा निर्धारित की गई एप से ही जानकारी प्राप्त करें।

#### पंजीकृत नंबर से जानकारी लें

अगर आपके पास किसी अनजान नंबर से किसी ऑफर व किसी प्रकार का लाभ देने के संबंध में कॉल आए तो पंजीकृत नंबर से जानकारी ले और अपने बैंक खाते, पैन कार्ड व आधार कार्ड की गोपनीय जानकारी सांझा न करें। यदि कोई व्यक्ति आपको फोन या मैसेज करके ज्यादा पैसे कमाने का लालच देता है तो समझ जाए कि वह साइबर ठग है।


रेवाड़ी। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा। फोटो : हरिभूमि

# स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली-गुरुग्राम में भारी वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित

- जयपुर से दिल्ली व गुरुग्राम जाने वाले भारी वाहनों को एनएच-48 से एनएच-352 पर डायवर्ट किया गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से 15 अगस्त को मनाए जाने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। एसपी हेमेंद्र मीणा ने बताया कि 15 अगस्त को भारी वाहनों का दिल्ली में प्रवेश वर्जित है। रेवाड़ी से गुरुग्राम व दिल्ली जाने वाले सभी भारी एवं वाणिज्य वाहनों का 12 अगस्त शाम 5 बजे से 13 अगस्त दोपहर 1:30 तक प्रवेश वर्जित रहेगा। इसके आलावा रेवाड़ी से गुरुग्राम व दिल्ली जाने वाले सभी भारी एवं वाणिज्य वाहनों का 14 अगस्त शाम 5 बजे से 15 अगस्त दोपहर 1:30 बजे तक भी प्रवेश वर्जित रहेगा। एसपी ने कहा कि इन दिनों सड़कों पर वाहनों का दबाव अत्यधिक न हो, इसके लिए पुलिस द्वारा जयपुर से दिल्ली व गुरुग्राम जाने वाले भारी वाहनों को एनएच-48 से एनएच-352 पर डायवर्ट किया गया है। इसलिए दिल्ली एवं गुरुग्राम जाने वाले भारी वाहन एनएच-352 का प्रयोग करें या दूसरे अन्य वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग करें। एसपी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान यात्रा के समय किसी तरह की असुविधा व परेशानी से बचने के लिए आमजन अन्य वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग करें।

# किसान 13 को रोष प्रदर्शन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

जिले के किसान 13 अगस्त को ट्रैक्टर मार्च निकाल कर एमएसपी की गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर रोष प्रदर्शन करेंगे। किसानों ने कहा कि सरकार गारंटी कानून और दूसरी मांगों पर विचार नहीं कर रही है। बुधवार को ट्रैक्टर मार्च के बाद प्रधानमंत्री के नाम बावल में एसडीएम को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। बावल में रविवार को भारतीय किसान यूनियन की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता रामकिशन महलावत ने की। इस मौके पर महलावत ने कहा कि समय पर खाद नहीं मिलने, बिजली नहीं मिलने और एमएएसपी की गारंटी नहीं मिलने के कारण किसानों में रोष है। उन्होंने किसानों के पैरोकार रहे पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के निधन पर राजकीय सम्मान नहीं मिलने का भी रोष जाहिर किया गया। महलावत ने कहा कि 13 अगस्त को ट्रैक्टर मार्च निकालकर सरकार को चेतावनी दी जाएगी। रामकिशन महलावत ने कहा कि किसानों के लिए चिंता का विषय है कि सरकार अमेरिका के दबाव में कृषि क्षेत्र में जीरो टैरिफ पर विचार कर रही है। यह लागू होता है तो अमेरिका का खाधान्न इंडिया में आएगा, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ेगा। यहां के किसानों को स्थिति खराब हो जाएगी। किसानों को पहले ही एमएसपी की गारंटी नहीं मिल रही है। ऐसे में सरकार को ज्ञापन के माध्यम से पहले ही चेताया जाएगा। इस मौके पर अनेक किसान नेता मौजूद थे।


रेवाड़ी। बैठक में मौजूद किसान नेता। फोटो : हरिभूमि

### लोक जनशक्ति पार्टी के जिला प्रधान बने हिमांशु यादव

**नांगल चौधरी।** यादव धर्मशाला में लोक जनशक्ति पार्टी रामबिलास पासवान की बैठक प्रदेश महासचिव अनिल हरित की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कौशिक व उपाध्यक्ष अंकुश शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने जिला स्तरीय नियुक्ति करने के बाद हलका लेवल पर संगठन खड़ा करने के दिशानिर्देश दिए हैं। इस दौरान सदस्यता अभियान की रूपरेखा बनाई गई तथा पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि लोक जनशक्ति पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा मिलने के बाद सभी जिलों में संगठन खड़ा करने की रूपरेखा बनाई गई है। जिले का नेतृत्व हिमांशु यादव को सौंपा गया है। कुलदीप शर्मा को उपाध्यक्ष तथा किशनलाल शर्मा को जिला महामंत्री का दायित्व सौंपा गया।

# पिछड़ा वर्ग की बैठक आयोजित, प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी की नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

यादव कल्या सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में पिछड़ा वर्ग की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान रामबीर यादव ने की। बैठक में शांता कुमार आर्य, डा. सुनील जांगड़ा, संदीप सैनी व डा. डी पी सैनी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। मीटिंग में यादव समाज, गुर्जर समाज, सैनी समाज, जांगड़ा समाज, प्रजापत समाज, सैन समाज, जोगी समाज, लखेरा समाज, ठठेरा समाज व रोहिल्ला समाज सहित सभी पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस मौके पर वक्ताओं ने सरकार से पिछड़ा वर्ग हरियाणा को केंद्र सरकार की तर्ज पर प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी की नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण देने की अपील की तथा एचकेआरएन में भी आरक्षण कोटा सुनिश्चित करने की मांग की। मीटिंग में मांग की गई कि हरियाणा सरकार की ओर से वर्तमान में भर्ती करने के लिए की गई एडवरटाइजमेंट में भी पिछड़ा वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करके पुनः विज्ञापित किया जाए। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट द्वारा यूटी चंडीगढ़ में 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के फैसले को किस्तों में लागू न करके एक बार में ही 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की गई। इस मौके पर निर्णय लिया गया कि समिति की मीटिंग प्रत्येक मास के दूसरे रविवार को होगी और सभी विधायकों को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

मीटिंग का संचालन मनोज यादव रिटायर्ड ईओ ने किया। इस मौके पर धीरज शर्मा जांगिड़, आरडी जांगड़ा, हरगोबिन्द सिंह जोगी, शिव कुमार प्रजापत, लोकेश रोहिला, जौहरीमल गुर्जर, करतार सिंह सैन, मनोज सैनी, चेतराम सैनी, महेश चंद लखेरा, संजय रोहिल्ला, ओमप्रकाश सैन, रमेश सैन, प्रोफेसर सतीश यादव, कैलाश यादव, डा. यशपाल यादव, जसवंत सिंह रिटायर्ड डीईओ व कमांडेंट आर के यादव मौजूद थे।


रेवाड़ी। यादव भवन में मौजूद संगठनों के सदस्य।

### फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्र के लिए आवेदन 20 तक, 50 प्रतिशत तक मिलेगा अनुदान


डीसी अभिषेक मीणा

**रेवाड़ी।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि मशीनों पर अनुदान दिया जा रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि यंत्रों के लिए आवेदन शुरू कर दिए हैं। इच्छुक किसान योजना का लाभ लेने के लिए एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पोर्टल पर 20 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत फसल अवशेषों को खेत में मिलाने व पराली प्रबंधन के लिए व्यक्तिगत किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। उप निदेशक कृषि जितेन्द्र कुमार ने बताया कि योजना के तहत विभिन्न फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों जैसे सुपर स्ट्रा, मैनेजमेंट सिस्टम, सुपर सीडर, सरफेस सीडर, हैप्पी सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर/स्रेडर/ मल्चर शर्ब मास्टर/रोटरी स्लेशर, हाईड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी प्लॉव, जीरो टील सीड कम फटीलाईजर ड्रील, बेलिंग मशीन, स्वचालित व ट्रैक्टर चालित क्रॉप रीपर, स्वचालित रीपर बाईन्डर, ट्रैक्टर चालित लोडर व ट्रैक्टर चालित टेडर मशीन पर अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना में केवल वही किसान पात्र होंगे, जिन्होंने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर चालू रबी-2025 व खरीफ-2024 के दौरान पंजीकरण किया हुआ है। आवेदित किसानों की वरीयता सूची अनुसार जिला कार्यकारिणी समिति द्वारा डीसी की अध्यक्षता व किसानों की उपस्थिति में ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से निर्धारित की जाएगी। अनुदान के लिए किसान के नाम हरियाणा राज्य में पंजीकृत ट्रैक्टर की वैध आरसी, बैंक खाता, पैन कार्ड, परिवार पहचान पत्र एवं आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। किसानों को खेत में फसल अवशेष नहीं जलाने व पिछले तीन वर्षों में उसी कृषि यंत्र पर अनुदान अनुदान का लाभ न लेने बारे शपथ पत्र भी देना होगा। सभी दस्तावेज किसान को विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करते समय अपलोड भी करने होंगे। एक किसान विभिन्न प्रकार के अधिकतम 4 कृषि यंत्र पर अनुदान के लिए आवेदन कर सकता है। किसान को केवल एक ही मशीन पर अनुदान का लाभ दिया जाएगा।

# रिमोट से तोल में हेराफेरी करने वाला कबाड़ी इलेक्ट्रिक मशीन सहित चढ़ा लोगों के हत्थे



रेवाड़ी। इलेक्ट्रिक कांटे के साथ कबाड़ी व मौजूद लोग। व मौके पर पहुंची पुलिस पूछताछ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

सामान के तोल में हेराफेरी करने के लिए एक कबाड़ी ने इलेक्ट्रिक वजन मशीन का रिमोट ही बनवा लिया। रविवार का बावल कस्बे में कबाड़ी युवक रिमोट से वजन कम करते समय लोगों के हत्थे चढ़ गया। लोगों के हंगामा करने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कबाड़ी को हिरासत में लिया। बावल कस्बे में चौपड़ा इलेक्ट्रोनिक्स के मालिक मानसिंह ने बताया कि उनके पास कुछ गत्ते व प्लास्टिक रखे हुए थे। उनकी दुकान पास कबाड़ खरीदने वाला आया तो उन्होंने अपने कांटे से वजन किया तो वजन 23 किलो 600 ग्राम था। जब कबाड़ी ने सामान का अपने कांटे पर वजन किया तो 13 किलो 20 ग्राम मिला। दुकानदार को कबाड़ी पर शक हुआ। उसने अपने पास एक रिमोट छिपा रखा था, जिससे वह वजन कम करता था। तलाशी लेने पर उसके पास रिमोट पाया गया। उसके बाद दुकानदार ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब कबाड़ी से पूछताछ की तो उसने कबूल किया कि वह आज ही रिमोट लेकर आया था। यूपी निवासी कबाड़ी सावेद ने बताया कि वह एक बार में 5 किलो वजन कम कर देता है। लालच में आकर उसने ऐसा काम किया है। बावल थाना पुलिस ने बताया कि अभी मामले की जांच चल रही है। दुकानदार की शिकायत पर आरोपी कबाड़ी को हिरासत में लिया गया है। जांच में सामने आएगा कि वह कितने लोगों के साथ इस प्रकार से ठगी कर चुका है।

### अनुसूचित जाति के परिवारों को स्वरोजगार के लिए मिल रहा ऋण, 21 तक कर सकते आवेदन


डीसी अभिषेक मीणा

**रेवाड़ी।** प्रदेश सरकार की ओर से हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के माध्यम से स्वरोजगार को प्रोत्साहन देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। निगम की ओर से अनुसूचित जाति के परिवारों को स्वरोजगार के लिए सूक्ष्म वित योजना व टर्म लोन योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन करने की अंतिम 21 अगस्त है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि सूक्ष्म वित योजना के तहत अधिकतम एक लाख रुपए तक के ऋण केवल 6.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर दिया जा रहा है, जिसमें कपड़ा दुकान, चाय की दुकान, किरयाणा व परचून दुकान, मनियारी की दुकान, बिजली कार्य की दुकान, ब्यूटी पार्लर-कास्मेटिक दुकान, कम्प्यूटर दुकान, ऑटो रिपेयरिंग व ई-रिक्शा के तहत ऋण लिया जा सकता है। इस योजना के तहत ऋण की वसूली 6.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से मासिक किस्तों में तीन वर्षों में की जाएगी। डीसी ने बताया कि टर्म लोन योजना के तहत अधिकतम दो लाख रुपए तक के ऋण केवल 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर लिया जा सकता है, जिसमें कपड़ा दुकान, चाय की दुकान, किरयाणा व परचून दुकान, मनियारी की दुकान, बिजली कार्य की दुकान, ब्यूटी पार्लर-कास्मेटिक दुकान, कम्पुटर दुकान, ऑटो रिपेयरिंग व ई-रिक्शा स्वरोजगार कर सकते है। ऋण की वसूली 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से मासिक किस्तों में पांच वर्षों में की जाएगी। योजना के लिए पात्रता एवं शर्तें आवेदक अनुसूचित जाति से संबंध रखता हो व रेवाड़ी जिले का स्थाई निवासी हो। उसकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। पारिवारिक वार्षिक आय अधिकतम तीन लाख रूपए से अधिक न हो। आवेदकों को ऋण में पचास हजार रूपए तक की अनुदान राशि दी जाएंगी। आवेदक निगम बैंक का बकायादार न हो, पहले लिए ऋण का दुरुपयोग न किया हो तथा एनएसएफडीसीज स्कीमों के अंतर्गत ऋण प्राप्त न किया हो। ऋण की वसूली मासिक किस्तों में 3 से 5 वर्षों के अंदर की जाएगी। लाभार्थी के ऋण अदायगी में डिफाल्टर होने पर निगम द्वारा सामान्य ब्याज के अतिरिक्त 4 प्रतिशत दंड ब्याज भी वसूल किया जाएगा।

**धर्म-कर्म** | ज्योतिषाचार्य पंडित अजय शास्त्री ने दी जानकारी, इस बार खास रहेगी जन्माष्टमी

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व 16 को, बन रहा है सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग, हर मनोकामना पूरी होगी

- 15 अगस्त को देर रात्रि 11 बजकर 48 मिनट पर भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि आरंभ होगी और 16 अगस्त की रात्रि 9 बजकर 35 मिनट पर अष्टमी तिथि का समापन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री।

सनातन धर्म में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व का बड़ा महत्व है। इस पर्व का श्रद्धालुओं का बेसब्री से इंतजार होता है। भगवान कृष्ण के भक्तों के बीच इस व्रत का बहुत बड़ा धार्मिक महत्व है, जो श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अजय शास्त्री का कहना है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व प्रतिवर्ष भादो मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव होता है। इस दिन श्री कृष्ण के बाल स्वरूप लड्डू गोपाल के रूप में उनकी मूर्ति का पूजन करना शुभ होता है। इस बार यह पर्व आगामी 16 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग बन रहा है, जिससे इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है।

**ये रहेगा जन्माष्टमी का शुभ मुहूर्त**

*ज्योतिषाचार्य ने बताया कि 15 अगस्त को देर रात्रि 11 बजकर 48 मिनट पर भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि आरंभ होगी और 16 अगस्त की रात्रि 9 बजकर 35 मिनट पर अष्टमी तिथि का समापन होगा। जन्माष्टमी का शुभ मुहूर्त 16 अगस्त को रात्रि 12 बजकर 5 मिनट से लेकर 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगा। उन्होंने कहा कि शास्त्रों के अनुसार श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण मथुरा नगरी में राजकुमारी देवकी और उनके पति वासुदेव के आठवें पुत्र के रूप में अवतरित हुए थे। मान्यता है कि जो व्यक्ति कृष्ण जन्माष्टमी का व्रत रख कर पूजा-अर्चना करते हैं,उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण की आराधना करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। साथ ही जन्माष्टमी का व्रत रखने से व्यक्ति को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं इस दिन लोग भजन कीर्तन करते हैं और जन्मोत्सव मनाते हैं। इस दिन के लिए मंदिरों को विशेष तौर पर सजाया जाता है। वहीं महाराष्ट्र में जन्माष्टमी के दिन दही हांडी का आयोजन किया जाता है, जो भगवान कृष्ण के बचपन की लीलाओं का प्रतीक है।*

# शहीदों की स्मृति में गांव डूंगरवास में रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट प्रदान करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देश के वीर शहीदों की स्मृति में गांव डूंगरवास के पंचायत घर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन की पहल हरियाणा स्कूल लेक्चररर्स एसोसिएशन यानि हसला के जिला प्रधान मनोज मसानी ने गांव के युवाओं के साथ मिलकर की। शिविर का उद्घाटन गांव के वृद्ध रमेश कुमार व सरपंच विपिन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान एक अत्यंत पवित्र और मानवता से जुड़ा कार्य है। एक नियमित रक्तदाता अनेक व्यक्तियों के जीवन को बचा सकता है। रक्तदान न केवल जरूरतमंद की जान बचाता है, बल्कि दाता के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। इस अवसर पर एपीसी सुंदर यादव ने हसला के जिला प्रधान मनोज मसानी को 70वीं बार रक्तदान करने पर बधाई दी। शिविर में राजेश कुमार ब्लॉक समिति सदस्य, सुमन सरपंच व समय सिंह यादव ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। युगल किशोर हेड मास्टर, मास्टर सुरेंद्र यादव व सत्यवान यादव ने रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। सामान्य अस्पताल से डा. सौरव व गौरव यादव ने टीम के साथे रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया। कैंप में श्योताज यादव, मास्टर निर्मल यादव, मनोज ठेकेदार, थानेदार बिजेंद्र सिंह व विनोद मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। पक्षियों के लिए पानी के बर्तन रखते संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### पक्षियों के लिए पार्क में मिट्टी के बर्तन रखकर किया दाने-पानी का प्रबंध

रेवाड़ी। सामाजिक संस्था की ओर से रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्था की गई। इस मौके पर रिटायर्ड जिला शिक्षा अधिकारी धर्मबीर बल्ड़ोदिया ने कहा कि गर्मी में मनुष्य के साथ-साथ सभी प्राणियों को पानी की आवश्यकता होती है। मनुष्य तो पानी का संग्रहण कर रख लेता है, लेकिन परिंदे व पशुओं को तपती गर्मी में यहां-वहां पानी के लिए भटकना पड़ता है। पानी न मिले तो पक्षी बेहोश होकर गिर पड़ते है। ऐसे में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना एक पुण्य का कार्य है। अभिराज संस्था के निदेशक अभिषेक सैनी ने बताया कि संस्था की ओर से पार्क में कई जगह मिट्टी के पात्रों में पानी व दाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने नागरिकों से भी गर्मी के मौसम में पक्षियों को राहत पहुंचाने के लिए मकानों की छत पर पानी के बर्तन करने की अपील की है। इस अवसर पर समाजसेवी ईश्वरी प्रसाद, शालू , पायल, खुशी, मनीष, विवेक, दर्शना व शांति मौजूद थे।

## जिला मुख्यालय पर नई अनाजमंडी सहित बावल व कोसली में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

# आजादी के उत्सव में बिखरेंगे संस्कृति व देशभक्ति के रंग, रिहर्सल में जुटे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भारत की आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर 15 अगस्त को रेवाड़ी, बावल व कोसली में स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इस वर्ष जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन नई अनाजमंडी परिसर में किया जाएगा। समारोह को लेकर अनाजमंडी में तैयारियों शुरू कर दी गई है। आजादी के जश्न को देशभक्ति से ओतप्रोत व रंगारंग रूप देने के लिए विद्यार्थी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल में पसीना बहा रहे हैं। अनेक स्कूलों के विद्यार्थी पीटी-डंबल, हरियाणवी डांस, राजस्थानी डांस, गुजराती डांस व पंजाबी डांस सहित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास कर रहे है। विद्यार्थियों की ओर से रिहर्सल डिप्टी डीईओ व डीपीसी राजेन्द्र शर्मा, बीईओ राजेश वर्मा, एईओ भूपेन्द्र यादव, एईईओ सुनील कुमार व संगवाड़ी स्कूल की अंग्रेजी प्रवक्ता ज्योत्सना यादव की देखरेख में की जा रही है। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण स्वास्थ्य मंत्री आरती राव करेंगी।



रेवाड़ी। नई अनाजमंडी में पीटी की रिहर्सल करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### 13 को होगी समारोह की फाइनल रिहर्सल

बुधवार 13 अगस्त को रेवाड़ी, बावल व कोसली में स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। नई अनाजमंडी में होने वाली रिहर्सल का अवलोकन डीसी अभिषेक मीणा करेंगे। बावल व कोसली में एसडीएम की देखरेख में फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य बनाने के लिए प्रशासन की ओर से जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है।

### स्वतंत्रता दिवस पर यह स्कूल देंगे प्रस्तुतियां

**पीटी एवं डम्बल शो:** इंचार्ज विशाल पीटीआई व अनिल कुमार पीटीआई की देखरेख में रावमा विद्यालय, राजकीय कन्या विद्यालय, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, जैन पब्लिक स्कूल, होली चाईल्ड स्कूल, स्वामी उमा भारती स्कूल, सैनी विद्यालय व ब्लीस स्कूल के विद्यार्थी भाग ले रहे है। पीटी व डंबल में बैंड होली चाईल्ड स्कूल का रहेगा।

**लेजियम शो:** इंचार्ज कुलदीप नरूका डीपीई की देखरेख में केंद्रीय विद्यालय कोनसीवास के 50 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे है।

**एनसीसी परेड:** कमाडिंग ऑफिसर की देखरेख में दो जूनियर छात्र एवं छात्राओं की एनसीसी टुकड़ी, दो कॉलेज के छात्र व छात्राओं की सीनियर टुकड़ी तथा सैनिक स्कूल कैडेट्स की टुकड़ी परेड़ में भाग लेगी। स्कॉउट में जवाहर नवोदय स्कूल नैचाना की छात्रों की टुकड़ी परेड में भाग लेगी। गर्ल्स गाइड में राजकीय कन्या विद्यालय की छात्राओं की टुकड़ी परेड में भाग लेगी। प्रजातंत्र के प्रहरी में राजकीय कन्या स्कूल की छात्राओं की टुकड़ी परेड में भाग लेगी। स्कॉउट में जेएवी नैचाना की टुकड़ी परेड में भाग लेगी।





रेवाड़ी। नई अनाजमंडी में परेड की रिहर्सल करते एनसीसी कैडेट्स तथा नई अनाजमंडी में देशभक्ति डांस की रिहर्सल करते होली चाईल्ड स्कूल के विद्यार्थी।

**देशभक्ति डांस:** कार्यक्रम में होली चाईल्ड स्कूल के 130 छात्र-छात्राएं डांस की प्रस्तुती देंगे।

**गुजराती डांस:** यूरो स्कूल दिल्ली रोड के 65 विद्यार्थी गुजराती डांस की प्रस्तुति देंगे।

**राजस्थानी नृत्य:** सनग्लो इंटरनेशनल स्कूल की 75 छात्राएं राजस्थानी नृत्य की प्रस्तुती देंगी।

**पैट्रोटिक डांस :** राजकीय माध्यमिक विद्यालय कालाका के 75 छात्र व छात्राएं पैट्रोटिक डांस की प्रस्तुती देंगे।

**पंजाबी भांगड़ा:** वीआईपी स्कूल के 100 विद्यार्थी पंजाबी डांस की प्रस्तुती देंगे।

**हरियाणावी नृत्य:** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की 120 छात्राएं हरियाणवी लोक संस्कृति पर हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देंगी।

**राष्टीय गान:** प्रथम इंटरनेशनल स्कूल छुरियावास की 20 छात्राएं राष्ट्रगान की प्रस्तुति देंगी।



रेवाड़ी। ब्राह्मण सभा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी व सदस्य। फोटो : हरिभूमि

भारतीय संस्कृति

# सनातन एवं राष्ट्रीयता की धरोहर संस्कृत : गौतम

**खास बातें**

- ब्रह्मगढ़ में नि :शुल्क समभाषण शिविर का आयोजन 13 से 23 तक
- 15 को धूमधाम से मनाया जाएगा आजादी का उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सरकुलर रोड स्थित ब्रह्मगढ़ परिसर में रविवार को ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक प्रधान पंडित चंद्रशेखर गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर सभा प्रधान ने बताया कि ब्राह्मण सभा की की ओर से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को प्रातः10 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ब्राह्मण सभा व संस्कृत भारती हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क समभाषण शिविर का आयोजन भी 13 अगस्त से 23 अगस्त तक शाम 4 बजे से 6 बजे तक किया जाना है। उन्होंने कहा कि संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति, सनातन एवं राष्ट्रीयता की धरोहर है, जिसकी रक्षा, विकास और उत्थान के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। समभाषण शिविर में सभी को संस्कृत निःशुल्क सिखाई जाएगी। सभा के महासचिव जयकुमार कौशिक की अनुपस्थिती में सभा प्रधान ने पिछली बैठक की कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में सर्वसम्मति से सभा मुख्यालय पर भवन के मरमत का कार्य शीघ्र करने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर पिछली कार्य योजना व नई योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक के समापन पर समाज के गणमान्य लोगों के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।

**ये रहे उपस्थित**

बैठक में सहसचिव संदीप भारद्वाज, मैनेजर हेमंत भारद्वाज, सहायक मैनेजर दीपक शर्मा सगवाड़ी, प्रेस सचिव रमेश वशिष्ठ, कार्यकारिणी सदस्य भूपेंद्र भारद्वाज, सुभाष चंद्र शर्मा, जितेंद्र तिवारी, मनीष जोशी, नरेश स्वामी, सुरेन्द्र शर्मा व दिनेश वशिष्ठ सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

सुंदरकांड में डा. संजय केदार व डा. अजय केदार सपरिवार मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित थे

# इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ आयोजित, मनमोहक भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सेक्टर-1 सोलहराही स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में शनिवार रात्रि सुंदरकांड पाठ, भजन संध्या व भंडारे का आयोजन किया गया। सुंदरकांड में डा. संजय केदार व डा. अजय केदार सपरिवार मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित थे। मंदिर के पुजारी पंडित बिजेंद्र भारद्वाज मेहंदीपुर बालाजी धाम वाले ने पूजा-अर्चना कराकर सुंदरकांड का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक लक्ष्मण सिंह यादव थे। इस मौके पर विधायक ने 'मेरी झोपड़ी के भाग्य खुल जाएंगे, राम आएंगे राम आएंगे' भजन से ही भक्तों को मंत्रमुग्ध किया। भजन गायक धर्मबीर फौजी व गोपाल वर्मा ने अनेक मनमोहक भजनों के माध्यम से हनुमानजी व श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में श्रृद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए। इस मौके पर आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के संस्थापक व राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता ने कहा कि मंदिर में 25वें सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर में प्रति माह भक्तों के सहयोग से धार्मिक आयोजन किए जा रहे है। कार्यक्रम में सुरेंद्र वशिष्ठ के पंजाबी मार्केट एसोसिएशन का प्रधान नियुक्ति होने पर माला पहनाकर स्वागत किया गया।





रेवाड़ी। मंदिर में सजी चोले वाले हनुमान जी की प्रतिमा तथामंदिर में भजनों पर झूमते हुए श्रृद्धालु। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद :** इस मौके भाजपा नेता दीपक मंगला, राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अंकित लोहिया, जिला अध्यक्ष दीपेश भार्गव, प्रधान बिल्लू पोसवाल, चरण सिंह यादव, राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ जिला सचिव लव खरबंदा, सेक्टर-1 आरडब्ल्यूए के प्रधान रविंद्र यादव, प्रशांत गोयल, अतुल माटा, एडवोकेट प्रतीक शर्मा, अनिरुद्ध धमीजा, प्रोफेसर विजय शर्मा, एडवोकेट मौसम, जय सिंह जाट, रिटायर थानेदार पवन, अमित व गोलू सहित अनेक श्रृद्धालु मौजूद थे।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में

# 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा' कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति कार्यक्रम 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा' का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन से डा. नवीन अदलक्खा, आईएमए के जिला सचिव डा. मनीष तनेजा, रोटरी क्लब के सचिव अनुकूल शर्मा व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को हमारा भारत देश गुलामी की जंजीरों से आजाद हुआ। हमें इस आजादी की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। 1857 में शहीद मंगल पांडे के बलिदान से आजादी की मशाल जलनी शुरू हुई। महारानी लक्ष्मीबाई ने इस ज्वाला को अपना बलिदान देकर प्रचंड किया। वीर सावरकर, वीर उधम सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद व शहीद ए आजम भगत सिंह ने अंग्रेज शासकों को देश आजाद करने के लिए मजबूर कर दिया। महिला प्रधान निशा सीकरी व हेल्थ एंड वैलनेस डा. सपना यादव ने कहा कि आजादी की लड़ाई में सरोजिनी नायडू व महारानी लक्ष्मी बाई सहित अनेक बहनों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण सभा के प्रवक्ता धीरज शर्मा जांगड़ा, समाजसेवी राजेंद्र गेरा, प्राचार्य राजेंद्र सिंह यादव, शिक्षाविद प्रोफेसर सी एल सोनी व के एल कोहली को सम्मानित किया गया तथा अतिथियों को शहीद भगत सिंह, भारत माता, नेताजी सुभाष चंद्र बोस व चंद्रशेखर आजाद के चित्र भेंट किए गए। कार्यक्रम में प्रोफेसर देवेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम नंदवानी, सोनिया कपूर, कपिल कपूर, रामरतन यादव, सुदर्शन मेहंदीरत्ता आदि मौजूद रहे।



## यादव सभा के फ्री कैंप में 116 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमे मरीजों को ओपीडी सेवाओं के साथ फ्री दवाईयां प्रदान की गई। कैंप में 116 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। डा. रवि राव ने मेडिसन, डा. आत्म प्रकाश यादव ने हड्डीरोग, डा. सुनील यादव ने सर्जरी, डा. अजीत यादव ने बालरोग, डा. विदुला यादव ने नेत्ररोग, डा. मनीष यादव ने ईएनटी व डा. अनिल यादव ने दंतरोग में ओपीडी सेवाएं प्रदान की। कैंप में लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव ने फ्री फिजियोथेरेपी की सेवाएं प्रदान की। कैंप के आयोजन में सभा प्रधान रामबीर यादव, जसवंत सिंह यादव, डा. यशपाल यादव, शशिभूषण यादव, गोकल राम, प्रवक्ता प्रो. सतीश यादव, राम सिंह व सुरेंद्र सिंह ने सहयोग प्रदान किया।



रेवाड़ी। कैंप में परामर्श देते हुए डॉक्टर।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

# प्रियंका गांधी संगठन में भरतसिंह को एसी सेल का प्रदेशाध्यक्ष बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बावल हलके से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ चुके भरतसिंह हरचंदपुर को प्रियंका गांधी संगठन ऑल इंडिया का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है। भरत सिंह पूर्व में राव इंद्रजीत सिंह के खास समर्थक रहे हैं। विधानसभा चुनावों से पहले उन्होंने राव का साथ छोड़कर कांग्रेस पार्टी में वापसी की थी।

वर्ष 2005 के विधानसभा चुनावों में राव इंद्रजीत सिंह ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री शकुंतला भगवाड़यिा को बड़ा झटका देते हुए भरतसिंह हरचंदपुर को कांग्रेस की टिकट दिलाई थी। इसके बाद भगवाड़िया ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंकी थी। राव के मंझले भाई राव अजीत सिंह ने भगवाड़िया को खुलकर समर्थन दिया था, जिस कारण भरतसिंह दूसरे नंबर पर रहे थे। रामपुरा हाउस की मदद से ही इस चुनाव में भगवाड़िया निर्दलीय विधायक बनने में कामयाब रही थीं। भरतसिंह ने इसके बाद लगातार राव का साथ दिया, लेकिन टिकट के मामले में राव ने उन्हें दोबारा मौका नहीं दिया। इसके बाद भी वह राव के साथ जुड़े रहे। गत विधानसभा चुनावों से पहले भरतसिंह ने राजनीतिक उपेक्षा महसूस करते हुए राव जैसे कद्दावर नेता का साथ छोड़कर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर ली थी। अब वह बावल हलके में नए सिरे से जनाधार स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।



### हसनपुर में किया गया भरत को सम्मानित

मोहल्ला हसनपुर में शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भरतसिंह हरचंदपुर को नई नियुक्ति पर सम्मानित किया गया। भगवान सिंह, एडवोकेट राजेंद्र व चरण सिंह आदि ने उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर भरतसिंह ने कहा कि यह संगठन कांग्रेस का ही एक हिस्सा है। इसमें उन्हें प्रदेशाध्यक्ष के रूप में एससी सेल की जिम्मेदारी मिली है। इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा व इमानदारी से निभाते हुए वह संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करेंगे। इसकी शुरूआत बावल हलके से ही की जाएगी। इसके बाद प्रदेश स्तर पर कार्य किया जाएगा। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, संगठन के राष्टीय अध्यक्ष कमलजीत सिंह, महासचिव सतपाल सिंगला, सांसद दीपेंद्र हुड्डा और पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव का आभार जताया है।

देशभक्ति कार्यक्रम | 1857 में शहीद मंगल पांडे के बलिदान से आजादी की मशाल जलनी शुरू हुई

# स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तां हमारा' कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को पंजाबी धर्मशाला में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभक्ति कार्यक्रम 'सारे जहां से अच्छा हिंदुस्ता हमारा' का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन से डा. नवीन अदलक्खा, आईएमए के जिला सचिव डा. मनीष तनेजा, रोटरी क्लब के सचिव अनुकूल शर्मा व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को हमारा भारत देश गुलामी की जंजीरों से आजाद हुआ। हमें इस आजादी की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। 1857 में शहीद मंगल पांडे के बलिदान से आजादी की मशाल जलनी शुरू हुई।

महारानी लक्ष्मीबाई ने इस ज्वाला को अपना बलिदान देकर प्रचंड किया। वीर सावरकर, वीर उधम सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद व शहीद ए आजम भगत सिंह ने अंग्रेज शासकों को देश आजाद करने के लिए मजबूर कर दिया। आज हम सभी भारतवासी उनके बलिदान को नमन करते हैं। विश्व हिंदू परिषद भिवानी विभाग के सचिव राजकुमार यादव, रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान मनीष अरोड़ा, शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल व संस्था के प्रधान अरुण गुप्ता ने सभी से अधिक से अधिक स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने का आह्वान किया ताकि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत बन सकें।

महिला प्रधान निशा सीकरी व हेल्थ एंड वैलनेस डा. सपना यादव ने कहा कि आजादी की लड़ाई में सरोजिनी नायडू व महारानी लक्ष्मी बाई सहित अनेक बहनों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण सभा के प्रवक्ता धीरज शर्मा जांगड़ा, समाजसेवी राजेंद्र गेरा, प्राचार्य राजेंद्र सिंह यादव, शिक्षाविद प्रोफेसर सी एल सोनी व के एल कोहली को सम्मानित किया गया तथा अतिथियों को शहीद भगत सिंह, भारत माता, नेताजी सुभाष चंद्र बोस व चंद्रशेखर आजाद के चित्र भेंट किए गए।



रेवाड़ी। अतिथियों को स्मृति चिंह भेंट करते संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे कार्यक्रम में मौजूद**

कार्यक्रम में प्रोफेसर देवेंद्र कुमार, पुरुषोत्तम नंदवानी, सोनिया कपूर, कपिल कपूर, रामरतन यादव, सुदर्शन मेहंदीरत्ता, उप प्रधान हेमंत ग्रोवर व कुलदीप सोनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### विद्यार्थियों ने भाषण व कविताओं से प्रकट किया भाई-बहन के प्रति प्रेम



रेवाड़ी। लाखनौर स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने भाषण व सुंदर कविताओं के माध्यम से पर्व का महत्व बताते हुए अपने भाई-बहन के प्रति प्रेम प्रकट किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। किड्स विंग में कलरिंग, ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने राखियों की सुंदर-सुंदर ड्राइंग बनाईं। जूनियर व सीनियर विंग में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के निदेशक एडवोकेट सुधीर यादव ने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई दी तथा पर्व के महत्व के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों से आपस में प्रेम व भाईचारा बढ़ाने की अपील की। इस मौके पर सभी शिक्षक मौजूद थे।